**आकाशवाणी शिमला**

**26.09.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे**

**मुख्य समाचार**

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हिमाचल सहित तीन राज्यों के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत जारी किए 5 सौ 40 करोड़।
- 15वें वित्त आयोग के तहत हिमाचल को असंबद्ध अनुदान की 67 करोड़ 95 लाख रूपए की पहली किस्त जारी।
- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना का बैंकों से आपदा प्रभावितों को ऋणों की किश्त देने में राहत का आग्रह।

और

- दक्षिण–पश्चिम मॉनसून प्रदेश से पूरी तरह विदा–मॉनसून के दौरान हुई सामान्य से 42 प्रतिशत अधिक वर्षा।

-----------------

**पीएम किसान सम्मान निधि**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त जारी की। ये किश्त विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखण्ड के उन किसानों के लिए प्राथमिकता के आधार पर जारी की गई है जो हाल ही में आई बाढ़ और भू–स्खलन से प्रभावित हुए हैं। हिमाचल पंजाब और उत्तराखण्ड के कृषि मंत्री सांसद विधायक वरिष्ठ अधिकारी और किसान समूहों के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इन तीन राज्यों ने हाल ही में भीषण बाढ़, भू–स्खलन और फसल की व्यापक क्षति का सामना किया है जिससे किसान परिवारों को भारी कठिनाईयां झेलनी पड़ रही हैं। इन तीन राज्यों के 27 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 5 सौ 40 करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधे अंतरित की गई है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने इस मौके पर हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़े रहने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

**अनुदान**

इस बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत असंबद्ध अनुदानों की पहली किस्त के रूप में 67 करोड़ 95 लाख रुपये जारी किए है। इस धनराशि से प्रदेश के ग्रामीण स्थानीय निकायों में स्वच्छता, खुले में शौच से

मुक्ति ,घरेलू कचरे का प्रबंधन व उपचार, पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण कार्य किये जायेगे।

**सेवा पर्व–रक्षा निर्यात और अधिग्रहण**

जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज 'सेवा पर्व' की इस विशेष श्रृंखला में हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने इंटरनेट क्रांति के माध्यम से संचार में बदलाव लाकर पूरे भारत में गाँवों, शहरों और लोगों को जोड़ा है।

***भारत में ब्रॉडबैंड की पहुंच और अगली पीढी के मोबाइल नेटवर्क की तेज गति से डिजिटल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। इसमें महत्वपूर्ण योगदान है भारत नेट परियोजना का, जो डिजिटली सबको जोड़ रही है और इसके अंतर्गत ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिवटी दो लाख 18 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच गई है। लगभग सात लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर के साथ इस डिजिटल जीवन रेखा ने ई–शासन, शिक्षा और छोटे उद्यमों के द्वार सुदूर क्षेत्रों में भी खोल दिए हैं। बिहार में 5 साल पहले ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट सेवा परियोजना की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि यह कल्पना करना भी मुश्किल था कि गांवों में शहरों से ज्यादा इंटरनेट उपयोगकर्ता होंगे लेकिन आज ये वास्तविकता बन गई है।***

***नरेन्द्र मोदी सरकार के सतत प्रयासों के कारण भारत मोबाइल डेटा के मामले में दुनिया के सबसे किफायती देशों में से एक बनकर उभरा है। 2014 के मुकाबले इंटरनेट डेटा की कीमतों में लगभग 97 प्रतिशत की कमी आई है। इसके साथ ही 5 जी कनेक्टिविटी के आने से भी बड़ा बदलाव आया है। इससे स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, समय पर फसल संबंधी सलाह और बाजारों तक पहुंच अब और आसान तथा तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में इंटरनेट क्रांति यह सुनिश्चित कर रही है कि डिजिटल भारत का वायदा हर घर तक पहुंचे और अपने साथ अवसर, गरिमा और भविष्य के लिए आशा लेकर आए।***

**चन्द्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि आत्मनिर्भर हिमाचल और किसानों की आय दोगुना करना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। चन्द्र कुमार आज शिमला में पशु पालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चरावाहों के लिए जल्द ही पहल योजना शुरू होगी। इस योजना को जल्द केन्द्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से चरावाहों को काफी लाभ मिलेगा। चन्द्र कुमार ने कहा कि देश की सीमाओं के प्रहरी के तौर पर चरावाहों की अहम भूमिका है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बैंकों से आपदा प्रभावितों को ऋणों की किश्त देने में राहत देने का आग्रह किया है। आज शिमला में हुई राज्य स्तरीय बैंकर समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान हुआ है ऐसे में लोगों के कर्ज वापिस करने की क्षमता प्रभावित हुई है। बैठक में बैंकों के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे अपने मुख्य

कार्यालयों को इस संबंध में आग्रह करेंगे। मुख्य सचिव ने ये भी कहा कि ऋणों की अदायगी को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी है जो एक सप्ताह के भीतर इस विषय पर चर्चा कर अपनी रिपोर्ट देगी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि खेल युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ–साथ नशे से दूर रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विक्रमादित्य सिंह आज सोलन के कुमारहट्‌टी में राजा वीरभद्र सिंह मैमोरियल ओपन ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के 5 सौ 37 सीनियर व जूनियर खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि युवाओं के जीवन को सही दिशा प्रदान करने में खेलों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिए खेल, योग, व्यायाम अपनाना आवश्यक है।

**प्राकृतिक खेती**

प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने सभी जिला अधिकारियों को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत किसानों के प्रमाणीकरण को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। हेमिस नेगी ने आज शिमला में प्राकृतिक खेती पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अभी तक 2 लाख 32 हजार से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती की प्रगति, आगामी योजनाओं और उनके प्रभावी कार्यान्वयन पर भी चर्चा की।

**पैंशनर**

राज्य पथ परिवहन निगम के लगभग 8 हजार पैंशनरों को इस महीने अभी तक पैंशन नहीं मिली है। हिमाचल पथ परिवहन पैंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष देवराज ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि यदि प्रदेश सरकार ने तुरंत पैंशन जारी नहीं की और भविष्य के लिए पैंशन की तारीख तय नहीं की तो निगम के पैंशनर उग्र आंदोलन करेंगे।

**मौसम**

दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून प्रदेश से पूरी तरह वापिस चला गया है। मौसम विभाग द्वारा आज जारी बुलेटिन में कहा गया है कि मॉनसून प्रदेश के सभी हिस्सों से वापिस चला गया है। हिमाचल में मॉनसून का आगमन 24 जून को हुआ था। मॉनसून के दौरान इस वर्ष राज्य में सामान्य से 42 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। प्रदेश को इस बार पूरे मॉनसून सीजन के दौरान आपदाओं का सामना करना पड़ा। इस दौरान मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में 4 सौ 54 लोगों की मौत हुई जबकि 50 लोग अभी भी लापता हैं। मॉनसून के दौरान 6 सौ 74 पक्के घर और एक हजार 62 कच्चे घर पूरी तरह तबाह हो गए। मॉनसून के दौरान आई आपदाओं से इस बार राज्य में सरकारी और निजी सम्पत्ति को 4 हजार 8 सौ 81 करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार आपदा पीड़ितों की आर्थिक मदद करने में जानबूझ कर देर कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से आपदा राहत में प्रदेश सरकार को करोड़ों रूपए की धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। राजीव बिंदल आज नाहन विधानसभा क्षेत्र के मिश्रवाला में भारी बारिश के कारण प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

--------------